Roll No : ....

Total No. of Questions : **12**] [Total No. of Printed Pages : **4**

A–334

B.A. (Part–III) (NC) Examination, 2021

HINDI LITERATURE

Paper - I

(आधुनिक काव्य)

Time : 1½ Hours] [*Maximum Marks : **100***

Section–A **(Marks : 2 × 10 = 20)**

Note :– Answer all *ten* questions (Answer limit **50** words). Each question carries **2** marks.

(खण्ड–अ) **(अंक : 2 × 10 = 20)**

नोट :– सभी **दस** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **50** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है।

Section–B **(Marks : 8 × 5 = 40)**

Note :– Answer any *five* questions out of seven (Answer limit **200** words). Each question carries **8** marks.

(खण्ड–ब) **(अंक : 8 × 5 = 40)**

नोट :– सात में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **200** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **8** अंक का है।

Section–C **(Marks : 20 × 2 = 40)**

Note :– Answer any *two* questions out of four (Answer limit **500** words). Each question carries **20** marks.

(खण्ड–स) **(अंक : 20 × 2 = 40)**

नोट :– चार में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **500** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **20** अंक का है।

खण्ड–अ प्रत्येक 2

1. सभी **दस** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **50** शब्द) :

   (i) 'शम्बूक' के रचनाकार कौन हैं ?

   (ii) शम्बूक का क्या अर्थ है ?

   (iii) 'जूही की कली' कविता में नायक कौन है ?

   (iv) 'मौन निमंत्रण' कविता का भावार्थ स्पष्ट कीजिये।

   (v) 'कृष्ण की चेतावनी' कविता का भावार्थ स्पष्ट कीजिये।

   (vi) 'असाध्य वीणा' का मूल भाव स्पष्ट कीजिये।

   (vii) 'वो आदमी नहीं है' का मूल भाव स्पष्ट कीजिये।

   (viii) 'बीस साल बाद' कविता का भावार्थ स्पष्ट कीजिये।

   (ix) आधुनिक कविता की **चार** विशेषताएँ बताइये।

   (x) स्त्री विमर्श का संक्षिप्त परिचय दीजिये।

खण्ड–ब प्रत्येक 8

नोट :– निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए (उत्तर-सीमा **200** शब्द) :

2. शम्बूक

   तुम हिन्दुत्व के ज्ञात इतिहास के
   किसी भी काल का सच हो सकते हो
   शम्बूक जो तुम्हारा नाम नहीं है
   क्योंकि तुम घोघा नहीं थे,
   घृणा का शब्द है जो दलित चेतना को
   व्यवस्था के रक्षकों ने दिया था।

3. देख वसुधा का यौवन भार
   गूँज उठता है जब मधुमास
   विधुर उर के-से मृदु उद्गार
   कुसुम जब खुल पड़ते सोच्छ्वास
   न जाने सौरभ के मिस कौन
   संदेशा मुझे भेजता मौन!

4. बीस साल बाद

मेरे चेहरे में वे आँखें लौट आई हैं

जिनसे मैंने पहली बार जंगल देखा है

हरे रंग का एक ठोस सैलाव जिसमें सभी पेड़ डूब गए हैं

और जहाँ हर चेतावनी

खतरे को टालने के बाद

एक हरी आंख बनकर रह गई है

बीस साल बाद

मैं अपने-आप से एक सवाल करता हूँ

5. संवेदनशील मैं कि चिन्ताग्रस्त

कभी बहुत क्रुद्ध हो

सोचता हूँ

मैंने नहीं कहा था कि तुम मुझे

अपना सम्बल बना लो

मुझे नहीं चाहिये निज वक्ष कोई मुख

किसी पुष्पलता के विकास-प्रसार-हित

जाली नहीं बनूंगा मैं बाँस की

जाहिर मुझे मैं

चाहिए मुझे मेरा खोया हुआ

रूखा सूखा व्यक्तित्व

6. पथ को न मलिन करता आना

पद चिह्न न दे जाता जाना,

सुधि मेरे आगम की जग में,

सुख की सिहरन बन अंत खिली!

विस्तृत नभ का कोई कोना,
मेरा न कभी अपना होना,
परिचय इतना इतिहास यहीं
उमड़ी कल की मिट आज चली ?
मैं नीर भरी दुख की बदली

7. बाँधने मुझे तो आया है,
जंजीर बड़ी क्या लाया है ?
यदि मुझे बाँधना चाहे मन,
पहले तो बाँध अनन्त गगन।
सूने को साध न सकता है,
वह मुझे बाँध कब सकता है ?

8. कौन लेगा भार यह ? जीवित है कौन ?
साँस चलती है किसकी कहता है कौन ऊँची
छाती कर
मैं हूँ-मैं हूँ मेवाड़ में,
अरावली श्रृंग-सा समुन्नत सिर किसका ?
बोलो कोई बोलो-अरे क्या तुम सब मृत हो ?

खण्ड–स प्रत्येक 20

नोट :– निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **500** शब्द) :

9. 'तुम मुझमें प्रिय फिर क्या परिचय' कविता का काव्य-सौन्दर्य रूपायित कीजिये।

10. 'सोनमछरी' कविता का मूल भाव स्पष्ट कीजिये।

11. नंद किशोर आचार्य के कविता संबंधी विचार स्पष्ट कीजिये।

12. दलित विमर्श पर लेख लिखिये।